भारत सरकार /GOVERNMENT OF INDIA
रेलमंत्रालय/ MINISTRY OF RAILWAYS
आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली
MODERN COACH FACTORY, RAEBARELI

# प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक 26.01.2025

## आरेडिका में 76वें गणतंत्र दिवस पर लहराया तिरंगा

आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना दिनांक 26.01.2025 को 76वें गणतंत्र दिवस पर भारत माता के जय घोषों के साथ तिरंगा रंग में रंग गया । गणतंत्र दिवस का मुख्य कार्यक्रम आरेडिका आवासीय परिसर के भागीरथी क्रिकेट ग्राउंड में आयोजित किया गया। महाप्रबंधक श्री प्रशान्त कुमार मिश्रा ने तिरंगा फहराया। रेलवे सुरक्षा बल द्वारा परेड का प्रदर्शन किया गया, जिसमें उत्तर प्रदेश कल्याण निगम लिमिटेड, भारत स्काउट्स एण्ड गाइड जिला आरेडिका/रायबरेली ने भाग लिया ।

महाप्रबंधक महोदय ने 76वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर आरेडिका परिवार के लोगों को बधाई दी। अपने अभिभाषण में उन्होंने कहा कि, हमारा यह कर्तव्य है कि हम आपसी एकता और भाईचारे को बनाए रखते हुए काम करें और देश की उन्नति में अपना योगदान दें।

आगे आरेडिका की उपलब्धियों का विस्तार से वर्णन करते हुए उन्होने कहा कि इस वर्ष हमने अब तक 1519 कोचों का उत्पादन किया है जो पिछले वर्ष की तुलना में 15 प्रतिशत अधिक है, आरेडिका ने प्रारम्भ से लेकर अब तक 13000 से अधिक कोचों का उत्पादन किया है।

फोर्ज्ड व्हीलों के लिए इस वर्ष रेलवे बोर्ड की तरफ से आरेडिका को 35000 फोर्ज्ड व्हीलों के उत्पादन का लक्ष्य दिया गया है।जिसके सापेक्ष में दिसम्बर माह तक 23363 पहियों का उत्पादन किया जा चुका है, जो पिछले वर्ष की तुलना में 40 प्रतिशत अधिक है।

पर्यावरण संरक्षण के लिए इस वर्ष 56,000 वृक्षों एवं 152000 बीजों का रोपण किया गया। 100 मिलियन लीटर भू–जल संरक्षण का कार्य प्रगति पर है एवं 65 प्रतिशत कार्य पूर्ण कर लिया है। सौर ऊर्जा के विकास के लिए सेवा भवनों पर रूफ टॉप सोलर पैनल स्थापित किए जा रहे है जिससे आरेडिका की सौर ऊर्जा उत्पादन की क्षमता 4 मेगावाट हो जाएगी। सोलर उत्पादन से करोडों रूपये रेलवे राजस्व की बचत होगी।

इस अवसर पर सांस्कृतिक संगठन द्वारा भव्य रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें देश भक्ति गीत, समूह गान और नृत्य प्रस्तुत किया गया। बच्चों एवं महिलाओं ने बढ़–चढ़ कर हिस्सा लिया, विभिन्न विभागों के सामूहिक सहयोग से कार्यक्रम सफल हुआ। कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए महाप्रबंधक महोदय, ने विभिन्न विभागों के साथ–साथ सांस्कृतिक संगठन एवं स्काउट्स एण्ड गाइड के लिए पुरस्कारों की घोषणा की तथा पर्यावरण संरक्षण में विशिष्ट योगदान देने वाले रेलवे कर्मचारियों एवं अधिकारियों को सम्मानित किया।

इस अवसर पर आरेडिका के उच्च अधिकारी, महिला कल्याण संगठन की अध्यक्षा श्रीमती भारती मिश्रा एवं सभी सदस्याएं, रेलवे सुरक्षा बल के जवान, यूनियनों एवं एसोसिएशन के प्रतिनिधि व कर्मचारी एवं उनके परिवार उपस्थित रहे।

इसी के साथ–साथ ज्ञानदा बाल मंदिर में आरेडिका महिला कल्याण संगठन की अध्यक्षा श्रीमती भारती मिश्रा ने महिला कल्याण संगठन की सदस्याओं एवं ज्ञानदा बाल मंदिर की अध्यापिकाओं के साथ विद्यालय प्रांगण में ध्वजा फहराया।

(आर.एन.तिवारी ) 26/01/2025
मुख्य जन संपर्क अधिकारी